हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 खिलाड़ियों को हार से मायूस नही होना चाहिएः प्रदीप



11 अच्छी सोच से बेटियों को भी आगे लेकर आए



## खबर संक्षेप

### हमला कर घायल करने पर दस पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरकरामजी में रंजिशन हमला कर मारपीट करने तथा बाइक से तोड़फोड़ करने पर सदर थाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव खरकरामजी निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही रामफल परिवार से रंजिश चली आ रही है।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 21 लाख ठगी मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी साढोला यमुनानगर निवासी संजीव को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला जींद के गांव धमतान साहिब निवासी दिलबाग सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**जींद।** उझाना के निकट तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव काब्रछा निवासी सोनू कार्यवश अपनी ससुराल गांव उझाना गया हुआ था।

### एटीएम बदल 50 हजार की राशि निकाली, केस

**कैथल।** कस्बा राजौंद में व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार की राशि निकालने का मामला प्रकाश में आया है। राजौंद थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव रोहेड़ा निवासी सुरेश ने बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक की स्थानीय ब्रांच में खाता है। 2 अक्टूबर को उसकी बेटी उसका एटीएम कार्ड लेकर एटीएम से रुपए निकलवाने के लिए गई थी।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** सफीदों में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने व चांदी के जेवरात तथा साढ़े 98 हजार की नकदी को चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नूरसर कालोनी निवासी सुरेंद्र ने शिकायत में बताया कि चोर मकान का ताला तोड़ कर घुस गए और छह तोले सोना के जेवरात, 250 ग्राम चांदी, साढ़े 98 हजार की नगदी को चोरी कर लिया।

### मजदूर की शिकायत पर ठेकेदार पर मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल शहर पुलिस ने कैथल के में बाजार में इमारत गिरने से दबे मजदूर की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मजदूर का कहना है कि उसने थाना शहर को इस समय शिकायत दी थी लेकिन उसे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध असलहा के साथ युवक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव हैबतपुर पुल के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव हैबतपुर बाईपास ओवरब्रिज के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### चोरी के मामले में शातिर चोर को किया गया काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक शातिर चोर को काबू कर लिया। पूछताछ दौरान 5 दुकानों से नकदी व अन्य सामान चुराने की वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी संजय शिकायत अनुसार बिजली बोर्ड के सामने 'संजय हेयर ड्रैसर' नाम की दुकान है।

**जांच करते टीम के सदस्य**



**जींद।** जांच करते टीम सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

# खाद्य एवं सुरक्षा विभाग और पुलिस ने फैक्टरी पर मारा छापा,घी तथा ऑयल के दो सैंपल भरे

***संचालक के पास वैध नही मिले दस्तावेज, पुलिस जांच में जुटी,फैक्टरी में 40 किलो 500 ग्राम तैयार प्रीमियम क्वालिटी घी तथा 225 किलोग्राम वनस्पति घी मिला , कुछ डिब्बे ऐसे भी मिले जिन्हें खाने के लिए प्रयोग के बारे लिखा गया।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने कृष्णा कालोनी में चल रही घी फैक्टरी पर छापेमारी की। फैक्टरी संचालक के वैध दस्तावेज नही मिले। टीम ने फैक्टरी से प्रीमियम क्वालिटी घी तथा वनस्पति घी के दो सैंपल भरे। जिन्हें जांच के लिए लैबारेट्री भेजा गया है। फैक्टरी में 40 किलो 500 ग्राम तैयार प्रीमियम क्वलिटी घी तथा 225 किलोग्राम वनस्पति घी मिला है। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग तथा शहर थाना पुलिस ने रविवार शाम को कृष्णा कालोनी में एक गैराज में चली रही घी फैक्टरी पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान संचालक कृष्ण मौजूद मिले। जब फैक्टरी को खंगाला गया तो उसमें प्रीमियम क्वालिटी के पैक डिब्बे मिले। जिनका वजन 40 किलो 500 ग्राम पाया गया। 225 किलोग्राम वनस्पति ऑयल पाया। हांलाकि पैक डिब्बों पर पूजा व ज्योत के लिए लिखा गया था लेकिन कुछ डिब्बे ऐसे भी मिले जिन्हें खाने प्रयोग के बारे लिखा गया।

**जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा**

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने वहां से दोनों उत्पादों के सैंपल भर कर जांच के लैबोटरी भेज दिए। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी करवाई अमल में लाई जाएगा। वहीं वैध दस्तावेज ने मिलने पर शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि फैक्टरी संचालक के पास वैध दस्तावेज नही थे। घी तथा वनस्पति घी के सैंपल भरे गए हैं। जिन्हें जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया है।

## *अभी तक डेंटल विभाग में केवल आरवीजी एक्सरे की सुविधा*

# खुशखबरीः नागरिक अस्पताल में मिलेगी ओपीजी एक्सरे की सुविधा

### अकेले डेंटल की ओपीडी प्रतिदिन 300 से अधिक

**एक्सरे के लिए बनाया जा रहा अलग से कक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जल्द ही लोगों को ओपीजी एक्सरे की सुविधा उपलब्ध होगी। यह एक्सरे डेंटल विभाग में उपलब्ध होगा। अभी तक यहां पर केवल आरवीजी एक्सरे की ही सुविधा है। इससे एक्सरे से जबड़ों का पूरा एक्सरे नहीं हो पाता। क्योंकि यह एक छोटा डिजिटल प्रिंट ही होता है। वहीं ओपीजी एक्सरे में पूरे जबड़े का एक साथ एक्सरे हो जाता है। यह ज्यादा स्टीक और विश्वसनीय होता है। इस मशीन के आने से जहां दंत रोगियों को एक्सरे के लिए उपचार नही करना होगा वहीं समय की भी बचत होगी। नागरिक अस्पताल में अकेले डेंटल की ओपीडी में प्रतिदिन 300 से अधिक नागरिक अस्पताल में अकेले डेंटल की ओपीडी में प्रतिदिन 300 से अधिक मरीज आते हैं। ऐसे में कई बार चिकित्सक दंतक सर्जरी के लिए एक्सरे करवाते हैं। नागरिक अस्पताल में केवल आरवीजी एक्सरे की ही सुविधा है। इस कारण पूरे जबड़े का एक्सरे नहीं हो पाता। इसके लिए ओपीजी एक्सरे की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा कई दांतों की कुछ और भी बीमारियां हैं, जो केवल ओपीजी एक्सरे के माध्यम से ही पता चल सकती हैं। ऐसे में अस्पताल में ओपीजी एक्सरे की सुविधा नहीं होने से मरीजों को बाहर से निजी लैब पर जाकर यह एक्सरे करवाता पड़ता है।



**जींद।** ओपीजी एक्सरे मशीन के लिए बनवाया जा रहा कैबिन। *फोटो :हरिभूमि*

**आरवीजी एक्सरे**

दांतों की डिजिटल एक्सरे इमेज लेने की आधुनिक तकनीक है, जो पारंपरिक फिल्म आधारित एक्सरे का एक डिजिटल विकल्प है। डिजिटल इमेज कैप्चर करती है। यह दांतों की कैविटी, संक्रमण, जड़ों की स्थिति और हड्डी के स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का सटीक निदान करने में दंत चिकित्सकों की मदद करती है।

**ये रहे मौजूद**

ओपीजी (ऑर्थोपैंटोमोग्राम) :यह एक प्रकार का एक्सरे है, जो पूरे जबड़े, ऊपरी और निचले दोनों का एक पैनोरमिक चित्र देता है। यह दंत चिकित्सक को सभी दांतों, उनकी स्थिति वृद्धि और जबड़े की हड्डी व टेम्पोरोमैंडिबुलर जोड़ की जांच करने में मदद करता है।

**काफी सुविधा होगी**

नागरिक अस्पताल में जल्द ही ओपीजी एक्सरे मशीन लगेगी डेंटल विभाग के नोडल अधिकारी डा. दिनेश गुप्ता ने बताया कि ओपीजी एक्सरे मशीन लगने से मरीजों को काफी सुविधा होगी। इससे समय भी बचेगा। फिलहाल अस्पताल में ओपीजी एक्सरे मशीन के लिए कैबिन बनवाया जा रहा है।

# झगड़े में घायल युवक ने तोड़ा दम नौ के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

- महिलाओं की आपसी कहासुनी चलते घर में घुसकर हमला करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव किनाना में झगड़े में घायल हुए युवक की रोहतक के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ खिलाफ घर में घुस हमला करने के अलावा हत्या की धारा जोड़ कर जांच शुरू कर दी है। गांव किनाना निवासी पुष्पा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गत नौ अक्टूबर को पड़ोसी जीत परिवार से कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला शांत हो गया। देर रात को जीत परिवार उनके घर में घुस आया और तेजधार हथियारों तथा डंडों से हमला कर दिया। जिसमें उसके पति सुरजीत तथा बेटे हेमंत (22) को गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने दोनों को हमलावरों की चंगुल से छुडवा कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने हेमंत की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे रोहतक के निजी अस्पताल ले गए।

**शव परिजनों को सौंपा**

उपचार के दौरान बीती रात हेमंत की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक की मां पुष्पा की शिकायत पर सुनील, रानी, नितिन, सिंधो, कमला, अमित को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ घर में घुस हमला करने, हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि झगड़े में घायल युवक की उपचार के दौरान रोहतक के अस्पताल में मौत गई। मामला पहले दर्ज कर लिया गया था।



**राजौंद।** बच्चों को पोलियो रोधक दवा पिलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

**बच्चों को पोलियो रोधक खुराक पिलाई**

राजौंद। गांव खेड़ी राओ वाली के पंचायत घर में प्लस पोलियो अभियान चलाया गया। खेड़ी राओ वाली की टीम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी सहायिका कैलाशवती आशा कार्यकर्ता अनीता रानी व मेरा युवा भारत राजौंद ब्लॉक स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने बच्चों को पोलियो रोधक खुराक पिलाई। जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधक खुराक पिलाई। इस दौरान आशा कार्यकर्ता अनीता रानी ने लोगों से अनुरोध किया कि आपके 0 से 5 वर्ष का कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से ना छूटे, इस प्रकार प्रयास करें। पोलियो मुक्त लक्ष्य हेतु लोगों को जागरूक किया। इस दौरान मेरा युवा भारत की स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने बताया कि भारत ने पोलियो पर नियंत्रण पा लिया है और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था। इसलिए हरियाणा के 8 जिलों में इस बार का पोलियो राउंड चलाया जा रहा है।

### आईपीएस अधिकारी की मौत के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव कपूर सिंह ने प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण आत्महत्या नहीं बल्कि संस्थागत हत्या है। जिसके लिए समाज और संस्थानों में गहराई तक फैले जातिगत भेदभाव और उत्पीडन की व्यवस्था जिम्मेदार है। माकपा जिला सचिव ने अपने बयान में मांग की कि आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की मृत्यु के हालात की त्वरित और निष्पक्ष जांच की जाए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा मृतक अधिकारी के परिवार को सुरक्षा और न्याय प्रदान किया जाए। कपूर सिंह ने कहा कि अधिकारी द्वारा लिखे गए अंतिम नोट में जो घटनाक्रम और विवरण सामने आए हैं।

# ओमपाल भाल प्रधान और शिवचरण सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला स्तरीय 17वें त्रिवार्षिक सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन कम्युनिटी सेंटर हुडा सेक्टर 19 में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। अध्यक्षता निवर्तमान जिला प्रधान शिवचरण ने किया। सम्मेलन का विधिवत उदघाटन रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव जयप्रकाश शास्त्री ने किया। इसके बाद आगामी तीन वर्षों के लिए चुनाव पर्यवेक्षक राज्य उपमहासचिव संदीप सांगवान द्वारा नई जिला कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते कर्मचारी नेता

**गोपनीयता की शपथ दिलाई**

जिसमें पब्लिक हेल्थ से ओमपाल भाल को जिला प्रधान,नगरपालिका से शिवचरण को सचिव,मास्टर रामफल दयोहरा को कैशियर,चतुर्थ श्रेणी से छज्जू राम को वरिष्ठ उपप्रधान,रोडवेज से कृष्ण गुलियाना व बिजली से शीशराम को सहसचिव, हेमसा से सावित्री देवी व वन मजदूरों से सियादत्त को उपप्रधान,पैक्स से रमेश रुहल को संगठन सचिव, हेल्थ से प्रदीप लोहान को प्रैस सचिव, फायर से जयप्रकाश टीक को ऑडिटर, सन्नी देओल पटवारी, हुडा से ईशम सिंह, वन कर्मचारियों से खजान कौशिक, टूरिज्म से मोहित जांगड़ा को जिला कमेटी सदस्य चुना गया एवं रिटायर्ड कर्मचारियों से रमेश हरित को जिला कमेटी में आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव जयप्रकाश शास्त्री ने माननिर्वाचित जिला कमेटी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : शर्मा

- सिरसाखेड़ी में पहुंचे राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के सिरसा खेड़ी गांव में दादी सती रानी मंदिर में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा पहुंचे। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बनेगा और स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देगा।



कार्यक्रम मंच पर मौजूद राज्यसभा सासंद कार्तिकेय शर्मा को स्मृति चिन्ह देते हुए।

**हर व्यक्ति समान अवसरों का हकदार**

कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि देश का हर व्यक्ति समान अवसरों का हकदार हो और समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न रहे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत कृ दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हर नागरिक अपने स्तर पर देश के विकास में योगदान देगाए तभी भारत वास्तव में आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। सांसद ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि भाजपा सरकार ने मेरिट को सबसे ऊपर रखा है। उन्होंने कहा कि 15 साल पहले नौकरी पाने के लिए सिर्फ एक मिनट का इंटरव्यू होता था।

**ये रहे मौजूद**

जिसमें पूछा जाता था कि आप कहां से हैं लेकिन आज भाजपा सरकार में मेरिट के आधार पर नौकरी मिलती है। कार्यक्रम के दौरान कार्तिकेय शर्मा ने दादी सती माता मंदिर के विकास के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर बैरागी सभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार बैरागी, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, प्रदेश प्रवक्ता रामराजजी शर्मा, हरिराम दीक्षित, मीनू शर्मा, यशवंत शर्मा, रामपाल शर्मा, पवन सैनी, महेंद्र प्रजापति और प्रदीप शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अहोई अष्टमी आजः पूजन का मुहूर्त शाम 5:53 से 7:08 बजे तक

# संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाएं आज रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

माताएं सोमवार को अहोई अष्टमी का व्रत रख अपनी संतान की दिर्घायु, सुख व समृद्धि के लिए कामना करेंगी। वहीं निसंतान महिलाएं भी पुत्र की कामना के लिए व्रत रखेंगी। दोपहर के समय बुजुर्ग महिलाओं से अहोई माता की कहानी सुन कर अपनी सास को एक अहोई, कपड़े रुपये देकर आशीर्वाद लेंगी। रात में तारे को अघ्र्य देकर अपना व्रत खोलेंगी। अहोई अष्टमी का त्योहार कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। बाजार में लोगों व दुकानों से महिलाओं ने रविवार को मिट्टी की अहोई, माता की तस्वीर पूजा के सामान की खरीदारी की। रानी तालाब, चक्की मोड, महिला कॉलेज, आर्य समाज रोड समेत शहर में जगह-जगह सड़क के किनारे मिट्टी के बर्तनों की स्टॉल लगी हैं। यहां 60 रुपये से लेकर 300 रुपये तक का अहोई का जोड़ा उपलब्ध है।



**जींद।** रानी तालाब चौक पर अहोई अष्टमी व्रतको लेकर खरीददारी करते हुए।

**संतान की प्राप्ति होगी**

माताएं अपने बच्चों के लिए करती हैं निर्जला व्रत अष्टमी का व्रत करवा चौथ के व्रत के बाद आता है और इस दिन माताएं अपने बच्चों के लिए व्रत करती हैं। माना जाता है कि अगर निसंतान महिलाएं इस दिन व्रत करती हैं तो उन्हें संतान की प्राप्ति होती है। इस विशेष अवसर पर माता पार्वती और अहोई माता की पूजा करने से सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिलता है।

**माता अहोई की आरती करें**

नवीन शास्त्री जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि हिंदू धर्म में विशेषकर माताओं के लिए इस व्रत का बहुत ही धार्मिक महत्व है। ये व्रत माताएं अपने बच्चों की भलाई और लंबी उम्र के लिए अहोई माता का आशीर्वाद और सुरक्षा पाने के लिए करती हैं। इस दिन माता अहोई की उपासना करती हैं और यह व्रत कठिन व्रतों में से एक है। क्योंकि यह व्रत निर्जला रखा जाता है। रात में तारों को अघ्र्य देने के बाद व्रत का पारण (खोला) जाता है। अहोई अष्टमी के दिन जो माताएं संतान के लिए व्रत रखती हैं, वह सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत होकर मंदिर जाएं और व्रत का संकल्प लें। साथ ही मंदिर में धूप, दीप अर्पित क फल व फूल चढ़ाएं। अहोई माता का ध्यान कर हलवे के साथ-साथ घास का भोग लगाएं। पूजा के अंत में माता अहोई की आरती करें। फिर तारों या चंद्रमा को करवा या कलश से अघ्र्य दें।

**पूजन का मुहूर्त**

यह रहेगा पूजा का समय जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 13 अक्टूबर सोमवार को अहोई अष्टमी का व्रत रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि 13 अक्टूबर की दोपहर 12 बजकर24 मिनट से 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 09 बजे तक रहेगी। पूजन का मुहूर्त शाम 5 बजकर 53 मिनट से 7 बजकर 08 बजे तक रहेगा।

### तारों को अर्घ्य देकर स्त्रियां करती है भोजन : रवि दत्त

**पूंडरी।** अहोई अष्टमी का पर्व के बारे में पंडित रविदत्त शास्त्री ने बताया कि यह व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी को पुत्रवती महिलाओं द्वारा संतान की रक्षा एवं दीर्घायु के लिए किया जाता है। व्रत का विधान यह है कि सायंकाल के समय दीवार पर 8 कोनों वाली एक पुतली अंकित की जाती है। उस आकृति में पुतली के पास ही स्याऊ माता व उसके बच्चे बनाए जाते हैं। थाली में हलवा, रुपैया, वस्त्रादि यथाशक्ति लेकर बायना निकाले और सास अथवा घर की बड़ी स्त्री को चरण छू कर दें, तारे निकलने के बाद दीवार में चित्रित अहोई देवी का पूजन करके व तारे को अर्घ्य देकर स्त्रियां भोजन करती हैं। अहोई अष्टमी की कथा इस प्रकार है : एक स्त्री के 7 पुत्र थे। एक दिन वह स्त्री जंगल में मिट्टी खोद रही थी। खुदाई करते हुए कुदाली शेह के बच्चे को लग गई और तुरंत उसकी मृत्यु हो गई।



**दिवाली पर्व**

हरियाणा प्रदेश में दिवाली पर्व को विशेष रूप से कृषि से जोड़कर देखा जाता है। किसान अच्छी फसल के लिए माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं। यहाँ गोवर्धन पूजा का महत्व भी होता है, जिसमें किसान अपने पशुओं को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दीयों से अपने खेतों और घरों को रोशन करते हैं।

# परंपरा और विश्वास का लोकपर्व है अहोई अष्टमी

हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां त्योहार केवल रस्म नहीं होते, बल्कि सामाजिक तालमेल और खुशियों का प्रतीक भी होते हैं। माताएँ अपनी संतान की दीर्घायु के लिए अहोई माता का व्रत रखती हैं। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में "होई माता" की कथा और पारंपरिक चित्रांकन का विशेष महत्व है।



पर्व

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**



हरियाणा अपनी संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की मिट्टी में मेहनत, वीरता और अपनेपन के साथ-साथ अतीत से ही सांस्कृतिक सुगंध भी बसी है। इसीलिए हरियाणा के लोग न केवल कृषि और खेलों में अग्रणी है बल्कि अपने धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहारों को पूरे हर्षोल्लास से मनाने के लिए भी जाने जाते हैं। हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां त्योहार केवल रस्म नहीं होते, बल्कि सामाजिक तालमेल और खुशियों का प्रतीक भी होते हैं। लोग पारंपरिक लोक गीतों, नृत्यों और सादगी भरे रीति-रिवाज़ों से त्योहारों को जीवंत बना देते हैं।

यहाँ त्योहार केवल पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि गाँवों में सामूहिक एकता, रिश्तों की मजबूती और परंपराओं की निरंतरता का प्रतीक हैं। इसके अलावा यह जानना रोचक होगा कि हरियाणा में हर त्योहार को मनाने के पीछे कुछ वैज्ञानिक, सामाजिक अथवा सांस्कृतिक कारण रहते हैं। फिर चाहे होली, दीवाली, गोवर्धन पूजा, बासोड़ा, शीतला अष्टमी, धुलेंडी, तीज, रक्षाबंधन, भाईदूज, करवा चौथ, नवरात्र, बसंत पंचमी हो या अहोई अष्टमी। गौरतलब है कि हरियाणवी संस्कृति में नारी जाति का विशेष सम्मान है। माँ, बहन और बेटी के रूप में नारी को शक्ति और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। तीज, रक्षाबंधन, करवा चौथ जैसे अनेक पर्व स्त्रियों की श्रद्धा तथा विश्वास का प्रतीक हैं और उन्हीं में से एक है 'अहोई अष्टमी' अहोई अष्टमी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला त्योहार है जो दिवाली से लगभग 8 दिन पहले। सनातन पंचांग के अनुसार, यह तिथि करवा चौथ के ठीक चार दिन बाद और दिवाली से सात-आठ दिन पहले आती है।

अहोई अष्टमी मुख्यतः उत्तर भारत में बड़े श्रद्धाभाव से मनाई जाती है। यह पर्व विशेष रूप से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और बिहार में अत्यंत लोकप्रिय है, जहाँ माताएँ संतान की दीर्घायु के लिए अहोई माता का व्रत रखती हैं। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में "होई माता" की कथा और पारंपरिक चित्रांकन का विशेष महत्व है। मध्य प्रदेश और गुजरात में भी उत्तर भारतीय परिवारों के बीच यह परंपरा प्रचलित है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में भी अहोई अष्टमी का व्रत किया जाता है। भारत के बाहर, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम, कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों में बसे भारतीय समुदाय भी इस पर्व को उतनी ही आस्था से मनाते हैं। हरियाणा के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत इस वर्ष की अहोई अष्टमी आज सोमवार 13 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को मना रहा है।

इस दिन माताएँ व्रत रखती हैं और अहोई माता की पूजा करके अपने बच्चों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। पावन भाव से व्रत करते हुए महिलाएं अपने घरों में बच्चों के लिए विशेष व्यंजन भी बनाती हैं। अहोई अष्टमी की सुबह महिलाएँ स्नान कर निर्जला व्रत आरंभ करती हैं और शाम को तारों के दर्शन के बाद ही व्रत खोलती हैं। माना जाता है कि अहोई माता की पूजा करने से संतान की रक्षा होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। अहोई अष्टमी के दिन "अहोई कथा" सुनने की भी परंपरा है। शाम के समय गाँव की महिलाएँ एकत्र होकर अहोई माता की कथा का वाचन करती हैं। इस सन्दर्भ में प्रचलित लोक कथा के अनुसार, एक बार एक स्त्री जंगल में मिट्टी खोदने गई थी। अनजाने में उसके फावड़े से एक साही (या शेरनी के बच्चे) को चोट लग गई और वह मर गया। उस स्त्री को शाप मिला कि उसकी संतान जीवित नहीं रहेगी। दुःखी होकर जब उसने पश्चाताप किया, तो उसे बताया गया कि वह कार्तिक कृष्ण अष्टमी के दिन अहोई माता की पूजा करे। स्त्री ने श्रद्धा से व्रत रखा और माता की कृपा से उसे संतान सुख प्राप्त हुआ। तभी से यह व्रत अहोई अष्टमी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कथा के बाद सात बार "अहोई माता की जय" बोलकर माताएँ अपने बच्चों के नाम लेती हैं और माता से उनकी रक्षा और लंबी आयु की प्रार्थना करती हैं।

अहोई अष्टमी का पर्व बड़े श्रद्धा के साथ जनमानस को लोककला से जोड़ने का कार्य करता चला आ रहा है। हरियाणा के कई इलाकों में अहोई अष्टमी लोककला का भी सुंदर प्रदर्शन बन जाती है। इस दिन महिलाएँ अपने घरों में दीवार या कागज़ पर अहोई माता की आकृति बनाती हैं। यह चित्र गेरू, चावल के घोल या मिट्टी से पारंपरिक लोककला शैली में बनाया जाता है। चित्र में माता के साथ सात बिंदियाँ बनाई जाती हैं, जो सात संतान या सात पीढ़ियों का प्रतीक मानी जाती हैं। बाघ या साही का चित्र अहोई माता का वाहन दर्शाता है। महिलाएँ अहोई माता की आकृति पारंपरिक शैली में बनाती हैं, उसके आगे जकरी रखती हैं और चाँदी की "श्यो माता की माला" भी रखती हैं। घर में जितने बच्चे हों उतनी ही चांदी से बनी पत्तियाँ माला में डालकर इन पर पहनाई जाती हैं या यह माला विवाहित स्त्रियाँ संतान प्राप्ति की कामना से धारण करती हैं। मिट्टी की "जकरी" बनाई जाती है जिसे पूजा के बाद जलाशय में विसर्जित किया जाता है। हालांकि मिट्टी की "जकरी" का स्थान आजकल लगभग सब जगह धातु के बने छोटे कलश ने ले लिया है।

अहोई माता की आकृति पारंपरिक शैली में बने चित्र के आगे दो "जकरियाँ" रखी जाती हैं, एक में पानी और दूसरी में अनाज या भोजन सामग्री। पूजा के समय इन जकरियों में दीपक जलाकर माता की आराधना की जाती है, प्रसाद चढ़ाया जाता है और कथा सुनने के बाद सभी महिलाएँ एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देती हैं। पूजा के बाद इन्हें अहोई माता के आगे रखा जाता है और भाई दूज के दिन "पानी वाली जकरी" का जल घर में छिड़का जाता है।



> हरियाणा की लोक परंपरा में "बाणा काढ़ना" भी अहोई अष्टमी के दिन की जाने वाली परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। "बाणा" जिसमें महिलाएं इस दिन सास और ननद बहू को श्रृंगार सामग्री जैसे चूड़ियाँ, बिंदी, सिंदूर, मिठाई, कपड़े या नारियल भेंट करती हैं। यह प्रथा परिवार में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का प्रतीक मानी जाती है। हरियाणा में यह कहावत प्रचलित है "सासू देवे बाणा, बहू राखे व्रत निभाणा।"

ऐसा माना जाता है कि इससे घर का वातावरण पवित्र रहता है और बच्चों की सुरक्षा होती है। इस परंपरा में हरियाणा के लोगों की आस्था और घरेलू संस्कारों की गहराई झलकती है। हरियाणा की लोक परंपरा में "बाणा काढ़ना" भी अहोई अष्टमी के दिन की जाने वाली परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। "बाणा" जिसमें महिलाएं इस दिन सास और ननद बहू को श्रृंगार सामग्री जैसे चूड़ियाँ, बिंदी, सिंदूर, मिठाई, कपड़े या नारियल भेंट करती हैं। यह प्रथा परिवार में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का प्रतीक मानी जाती है। हरियाणा में यह कहावत प्रचलित है "सासू देवे बाणा, बहू राखे व्रत निभाणा।" इससे परंपरागत ढंग से बड़ों के प्रति सम्मान की भावना का विकास भी होता है।

जन सामान्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा के विभिन्न जिलों में अहोई अष्टमी की अपनी अलग-अलग लोक परंपराएँ हैं। रोहतक और झज्जर क्षेत्र में महिलाएँ अहोई माता का चित्र चाँदी के फ्रेम में रखकर पूजा करती हैं और "सात अनाज" जैसे गेहूँ, चावल, मूँग, सरसों, तिल, दालें और जौ का दान देती हैं। भिवानी और सिरसा में बच्चों के हाथ में सुई-धागा बंधवाने की परंपरा है, जो सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। वहाँ पूजा के समय हलवा-पूरी का भोग लगाया जाता है और बाद में बच्चों को खिलाया जाता है। पानीपत, करनाल और कुरुक्षेत्र की महिलाएँ शाम को मंदिरों में एकत्र होकर सामूहिक रूप से आरती गाती हैं और इसे दीवाली की तैयारियों की शुरुआत मानती हैं। रेवाड़ी, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरी क्षेत्रों में अब प्रिंटेड या डिजिटल चित्रों से पूजा की जाती है, लेकिन भाव वही रहता है बच्चों की सुरक्षा और परिवार की समृद्धि की कामना।

इस अवसर पर पूजा के बाद महिलाएँ गरीबों या जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े या अनाज दान करती हैं और बड़ों के चरण छूकर आशीर्वाद लेती हैं। कई जगहों पर महिलाएँ अपने आँगन में मिट्टी के बने छोटे-छोटे दीयों की कतार लगाती हैं जिन्हें "अहोई दीए" कहा जाता है। तारे निकलने के बाद माताएँ बच्चों के नाम लेकर तारों को अर्घ्य देती हैं। इस तरह अहोई अष्टमी हरियाणा में न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि परिवारिक एकता, स्त्री के त्याग और मातृत्व की भावनाओं का उत्सव भी है। यह पर्व पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही उस संस्कृति का प्रमाण है, जिसमें स्त्री अपने परिवार के सुख और संतानों के कल्याण के लिए तप और भक्ति दोनों को समान भाव से निभाती है। अहोई माता की पूजा केवल एक व्रत नहीं, बल्कि प्रेम, आस्था और मातृत्व की अखंड परंपरा है जो हरियाणा की मिट्टी में आज भी उसी भाव से जीवित है।

---

संस्कृति | **रामबीर सिंह 'राम'**



## लोकगीतों में 'कातक'

राम-राम! हरियाणवियों अथवा भारतीयों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बसे भारतवंशियों के लिए दिवाली का पावन पर्व का उल्लास, उत्साह और विश्वास उनके जीवन का अंग है। इसलिए दिवाली मनाने के बारे में कुछ कहना या लिखना बेमानी-सा प्रतीत होता है। इस पर भी उन हरियाणा के लोगों की बात करें जो अपने दिन की शुरुआत से लेकर किसी से अभिवादन तक 'राम' के अतिरिक्त किसी और शब्द को स्थान न देते हों तो थोड़ा और हैरानी की बात होगी। दरअसल, भारत में दीपावली केवल एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि पांच दिन का उत्सव अर्थात 'पंचोत्सव' है, जो कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि से लेकर शुक्ल पक्ष की द्वितीया तक मनाया जाता है।

ऐसे में जब दिवाली को लेकर हम हरियाणा की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि देखते हैं तो वह आह्लादित कर देती है। जहाँ पूरा कार्तिक माह ही एक उत्सव प्रतीत होता है और इसे पवित्र और पुण्यदायी महीना माना जाता है। हरियाणा में कार्तिक के माह के लोकगीत प्रचलन में हैं। इन लोकगीतों की जड़ें उतनी ही गहरी हैं, जितनी उसकी कृषि परंपरा। जब कार्तिक का महीना आता है, तो गाँवों की सुबह सरोवरों की कलकल ध्वनि और लोकनारी के स्वर से गूंज उठती हैं। महिलाएं भोर में सूर्योदय से पूर्व सरोवरों में 'कातक न्हाण' यानि स्नान के लिए जाती हैं। 'कातक न्हाण' के लिए महिलाएँ प्रातःकाल मिट्टी के दीप जलाकर, हाथों में पूजन सामग्री लिए, समूहों में एकत्र होती हैं। उनके कंठ से फूटते हैं वे मधुर हरियाणवी गीत जो पीढ़ियों से विरासत बनकर चले आ रहे हैं। एक ऐसा सुप्रसिद्ध गीत देखिए .....

*राम अर लछमण दशरथ के बेटे*
*दोन्यूं बणखंड जां,*
*हे जी कोई राम मिलै भगवान,*
*एक बण चाले दो बण चाले*
*तीजे में लग आई प्यास,*
*हे जी कोई राम मिलै भगवान,*

इसी प्रकार एक और गीत में तुलसी पूजा पर देखें..

*....तुलसां माता तैं सुख दाता*
*बिडला सीजूं तेरा*
*तैं कर निस्तारा मेरा*
*किरसन जी का कांधा दइओ*
*पीताम्बर की धोती दइओ*
*बैकुंठ का बासा दइओ*
*हो ज्या निस्तारा मेरा*
*बिडला सीजूं तेरा*

ऐसा ही एक और लोकगीत देखें ....

*सत की साथण पाणी नै चाली, या तुलसां गैल होली हो राम*
*भरण गई जल जमना की झारी हो राम*
*सत की साथण न्यू उठ बोली या तुलसां ओड कुवारी हो राम*
*भरण गई जल जमना की झारी हो राम*

*कार्तिक स्नान पर ही एक गीत अद्भुत है जो आम जन-*जीवन की स्थितियां परिभाषित करता है ....


*आओ राधा नहाण चलां, मेरे राम*
*म्हारा तो नहीं ए चलान,दूधां मैं रम रही मेरे राम।*
*दूधां का कैसा हे गमान,आवै बिलाई पी जावै हरे राम।*

कातक के महीने के कुछ लोकगीत यहाँ उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किए हैं। ये केवल बानगी हैं। अन्यथा हरियाणवी लोकगीतों की सरिता निरंतर प्रवाहमयी है, जिसमें श्रद्धा के साथ-साथ गृहस्थ जीवन की सादगी और ग्रामीण स्त्री की भावनाओं का संगीत भी बहता है। ये गीत न केवल स्नान की विधि का अंग हैं, बल्कि लोकभक्ति, आस्था और सामाजिक एकता के जीवंत प्रतीक हैं, जिसमें कार्तिक न्हाण के गीत भी इसी भावधारा के प्रतीक हैं। इन गीतों में रामभक्ति और कृष्णभक्ति का माधुर्य, नदियों का पवित्र स्पर्श और खेत-खलिहान की गंध घुली है। जो हमारी गाँव की आत्मा, नारी की श्रद्धा और संस्कृति की निरंतरता के सजीव प्रमाण हैं।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

प्रकाश | **जब दिवाली की रात नै हजारां दीये जलैं सैं, तो वे सिर्फ अन्धेरे नै दूर कोनी करदे, बल्कि म्हारे मन म्ह उम्मीद जगावैं सैं**



# दीया : म्हारी सनातन संस्कृति की अमर ज्योत

परंपरा | **जयदेव राठी भराण**

माट्टी के उस छोट्टे से दीये म्ह जो ज्योत जलैं सै, वा सिर्फ उजाला कोनी, बल्कि म्हारी सनातन संस्कृति की आत्मा सै। जब कोए दीया जलैं सै, तो वो सिर्फ अन्धेरे नै दूर कोनी करदा, बल्कि अपणे भित्तर के अज्ञान रूपी अन्धेरे नै भी मिटाण का संकल्प लेवै सै। यो साधारण सा दिखण आल्ला माट्टी का दीया म्हारी आस्था, बिश्वास अर आध्यात्मिकता का निशान सै।

### माट्टी तै बण्या, माट्टी म्ह मिलण आल्ला

दीये की सबतै बड्डी खासियत यो सै के वो माट्टी तै बणै सै - उस्से पंचतत्व तै जिसतै यो दुनिया अर हम सारे बणे सां। कुम्हार अपणे हाथां तै जब माट्टी नै आकार देवै सै, तो वो सिर्फ एक बर्तन कोनी बणावै, बल्कि पूजा का एक पवित्तर साधन बणावै सै। यो दीया हाम्नै याद दिलावै सै के हम सारे माट्टी के बणे सां अर एक दिन माट्टी म्ह ए मिल जावांगे।

यो साधारणता म्ह असाधारणता का संदेश देवै सै। दीये की बणावट जितनी सीधी सै, उतना ए गहरा सै इसका दर्शन। चार मुंहा दीया हो या एक मुंहा, हरेक दीये म्ह तेल या घी भरया जावै सै अर बाती राक्खी जावै सै। जब यो दीया जलैं सै, तो इसकी लौ ऊपर कान्नी उठै सै - यो हाम्नै सिखावै सै के जिन्दगी म्ह हमेशा ऊपर उठण का, उन्नति का जतन करणा चाहिए।



### आत्मा की लौ, ध्यात्मिक महत्त्व

सनातन धरम मै दीया आत्मा का प्रतीक होवै सै। जैसे दीया तेल, घी और बाती तै जलैं सै, उसे तरहैं आत्मा शरीर और करम तै चमकै सै। ध्यान लगावण मै दीया की लौ ठहरै सै और मन भी पूजा, यक्ष और ध्यान मै दीया जरूरी सै क्योंकि यो अंदर की ज्योत नै जगावै सै ।सनातन परम्परा म्ह दीया का आध्यात्मिक महत्त्व घणा गहरा सै। दीये की ज्योत नै ब्रह्म का निशान मान्या जावै सै - वो परम उजाला जो सारे अन्धेरयां नै दूर करै सै। जब हम किसे देवता कै आग्गै दीया जलावां सां, तो यो सिर्फ एक रस्म कोनी होवै, बल्कि यो म्हारी प्रार्थना होवै सै के 'हे प्रभु, जिसा यो दीया अन्धेरे नै दूर कर रह्या सै, उस्से तरहां ए मेरी जिन्दगी तै अज्ञान का अन्धेरा दूर करो'। दीये के विभिन्न अंग हामनै जिन्दगी की सीख देवैं सै। दीये का आधार म्हारी नींव सै - म्हारे संस्कार, म्हारी माट्टी। तेल या घी म्हारे करमां का निशान सै - बढ़िया सोच करम ए जिन्दगी रूपी दीये नै जल्लाएं राक्खैं सै। बाती म्हारा मन सै - जै मन साफ सै तो ज्योत स्थिर अर चमकदार रहवैगी। अर वा लौ वा म्हारी आत्मा सै, जो सदा ऊपर, परमात्मा की ओड़ उठण का जतन करै सै।

### प्रकृति और परम्परा, समाज की बात

आज जैब बिजली का झाल्लर और प्लास्टिक का सजावट चालै सै, तो माटी का दीया जलाणा एक तरहैं तैं पर्यावरण बचावै और आत्मनिर्भरता का फैसला बन गया सै। दीया ना केवल प्रकृति नै बचावणै की जिम्मेदारी दिखावै सै, बल्कि गांम के कारीगरों के घर मै भी उजाला करै सै। हर एक रोजगार सै एक सम्मान सै। माटी का दीया गांम के कुम्हार की मेहनत का प्रतीक सै, जो शहर मै भी अपनी जगह बना ले सै। दीया एकता, अपनापन और लोक कला की पहचान सै।

### दीया म्हारी सभ्यता का वाहक, आस्था का निशान

दीया सिर्फ माटी का बण्या एक छोटा पात्र कोनी सै, यो म्हारी सभ्यता का वाहक सै, म्हारी आस्था का निशान सै। म्हारी जिन्दगी दर्शन का मूर्त सै, जब हम एक दीया जलावां सां तो हम अपणे भितर भी एक दीया जलावां सां - ज्ञान का, प्रेम का और करुणा का। सनातन संस्कृति म्ह दीये का स्थान अमर सै।

*यूगों तै यो म्हारे घरां म्ह, मन्दरां म्ह,*
*तीज - त्यौहारां म्ह उजाला फैला रह सै।*
*तमसो मा ज्योतिर्मय ॥*

दीया निराशा म्ह आशा का निशान सै। जब कोए माणस दुःख म्ह होवै सै, अन्धेरे तै घिरया होवै सै, तब एक दीया जलां कै हम उसनै संदेश देवां सां - अन्धेरा कितना भी घना हो, उजाले की जीत पक्की सै। योए संदेश सै म्हारी संस्कृति का - तमसो मा ज्योतिर्गमय - अन्धेरे तै उजाले की ओर चाल्लो।

जब दीवाली की रात नै हजारां दीये जलैं सैं, तो वे सिर्फ अन्धेरे नै दूर कोनी करदे, बल्कि म्हारे मन म्ह उम्मीद जगावैं सैं। वे कहवैं सैं के जिन्दगी म्ह कितनी भी मुश्किलां आवैं, हम मिलकै उननै दूर कर सकां सां। हरेक छोट्टा जतन महत्त्वपूर्ण सै, जिसा हरेक छोट्टा दीया अन्धेरे नै कम करण म्ह योगदान देवै सै। आण आली पीढ़ी जब दीया जलावै गी तो वे ना सिर्फ एक परम्परा का पालन करै गी बल्कि उस शाश्वत सच नै भी जिन्दा राख्गी उजाला ए जिन्दगी सै उजाला ए सच सै।

> **दीया निराशा म्ह आशा का निशान सै। जब कोए माणस दुःख म्ह होवै सै, अन्धेरे तै घिरया होवै सै, तब एक दीया जलां कै हम उसनै संदेश देवां सां - अन्धेरा कितना भी घना हो, उजाले की जीत पक्की सै। योए संदेश सै म्हारी संस्कृति का - तमसो मा ज्योतिर्गमय - अन्धेरे तै उजाले की ओर चाल्लो।**

आओ हम सारे संकल्प लेवां के अपणी जिंदगी नै एक दीये की तरह बणावां जो खुद जलैं अर दूसरां नै भी उजाला दे जो विनम्रता तै माटी पै टिक्का हो सै पर जिसकी ज्योत आसमान की ओड उठै सै । जो अन्धेरे तै लडै अर सदा उजाले की जीत का संदेश दें।

*दीपों ज्योति परब्रह्म, दीपो ज्योति जनार्दन : ।*
*दीपो हरतु मे पाप दीप ज्योतिनरमोस्तुते ॥*

योए सै दीये की महिमा, योए सै उसका संदेश, जब ताहीं या दुनिया सै, दीये की ज्योत म्हारी जिंदगी नै उजाली करदी रहवै गी ।

---

# सांस्कृतिक धरोहर वृद्ध केदार तीर्थ और ग्यारह रुद्री मंदिर

आस्था | **अंकुर शर्मा**



सरस्वती की पवित्र धारा से पोषित कैथल एक महाभारत कालीन ऐतिहासिक शहर है। इसे वेद, पुराण, महाभारत आदि पवित्र ग्रंथों की रचना स्थली होने का गौरव प्राप्त है। विद्वानों का मानना है कि जहां सरस्वती नदी के तट पर वेदों की ऋचाओं का सृजन हुआ; जहां कपिष्ठल गोत्रीय लोगों ने ही कपिष्ठल-कठ संहिता नामक ग्रन्थ की रचना की; जहां विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ वराह मिहिर ने भी अपनी शिक्षा यहां प्राप्त कर बृहत्सहिता जैसे श्रेष्ठ ग्रंथ की रचना की थी; वह कपिस्थल ही है। महाभारत, वामन पुराण, पाणिनी की अष्टाध्यायी में कपिस्थल का उल्लेख मिलता है। चौथी शताब्दी ई.पू. के सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में यूनान के राजदूत रहे मैगस्थनीज ने अपनी पुस्तक इंडिका में इसे कबीस्थलो लिखा है। प्रसिद्ध विदेशी यात्री अल्बरूनी ने अपनी पुस्तक किताब-उल-हिन्द में कविताल नाम से इस का उल्लेख किया है। एक किवदन्ती के अनुसार यहां कपि अर्थात बन्दर अधिक पाए जाने के कारण इसे कपिस्थल कहा जाता था। यहां अंजनी माई का टीला है जिसे हनुमान जी का जन्म स्थान माना जाता है। इस प्रकार कपिस्थल, कपिष्ठल, कविताल ही अपभ्रंश होता हुआ आज का कैथल बना है।

कपिस्थल की पवित्रता और सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख वामन पुराण और महाभारत में विस्तार से किया गया है। ऋग्वेद के तृतीय मण्डल 3/23/4 में सरस्वती की उपनदी आपगा नदी की स्थिति का उल्लेख किया गया है। जबकि वामन पुराण तथा महाभारत के वन पर्व में कैथल के पश्चिम में आपगा और मानुष तीर्थ स्थान है। जबकि ऋग्वेद प्रथम मंडल(1/23/4) में भी अपाय और मानुष का उल्लेख आता है। कुरुक्षेत्र की पवित्र 48 कोस में प्राप्त 134 तीर्थ स्थानों में से 50 तीर्थ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कैथल की परिधि में आते हैं। जिनमें पवनहृद तीर्थ, फल्गु तीर्थ, पवनेश्वर तीर्थ, कपिल मुनि तीर्थ, पुण्डरीक तीर्थ, कोटिकूट तीर्थ, वेदवती तीर्थ, वृद्ध केदार तीर्थ,




ग्यारह रुद्री तीर्थ, हव्य तीर्थ, रसमंगल तीर्थ, इक्षुमति तीर्थ, अरंतुक यक्ष, लवकुश तीर्थ, वामन तीर्थ, ऋणमोचन तीर्थ आदि प्रमुख हैं। इन पवित्र तीर्थों में से दो तीर्थ वृद्ध केदार और ग्यारह रुद्री कैथल शहर के मध्य स्थित हैं। जिनका बहुत महत्त्व माना जाता है।

कैथल से उत्तर पूर्व में स्थित वृद्ध केदार तीर्थ का बहुत प्रसिद्ध है। वामन पुराण 36वें अध्याय में बताया गया है कि अगर कोई व्यक्ति इस स्थान पर तर्पण करके भगवान शिव को प्रणाम करने के बाद तीन चल्लू पानी पिता है, वह केदार तीर्थ पर जाने का फल प्राप्त कर लेता है -

*कपिलस्थेति विख्यातं सर्वपातकनाशनम्।*
*यस्मिन् स्थितः स्वयं देवो वृद्धकेदारसंज्ञितः । (वामन पुराण, 36/14)*

इसी प्रकार इस सन्दर्भ में महाभारत के वन पर्व में वर्णित है:

*कपिष्ठलस्य केदारं समासाद्य सुदुर्लभम् ।*
*अन्तर्धानमवाप्नोति तपसा दग्धकिल्बिषम् ॥ (महाभारत, वन पर्व 83/74)*

यहां एक शिव मन्दिर बना हुआ है जो अष्टकोणीय है। यहां बने सरोवर की बुजियां भी अष्टकोणीय आकार लिए हैं। वामन पुराण में ऐसा भी कहा गया है कि कपिस्थल नामक तीर्थ में वृद्ध केदार नामक भगवान स्वयं विराजमान हैं। इसी प्रकार कैथल के ही पश्चिम में दूसरा महाभारत काल से एक प्रसिद्ध पुण्यदायी तीर्थ स्थान एवं मंदिर है ग्यारह रूद्री । इस मन्दिर में ग्यारह रूद्रों की स्थापना की गई है। जिनके विषय में महाभारत में वर्णित उल्लेख के अनुसार ब्रह्मा जी के मानस पुत्र जो महान ऋषि थे मृगव्याध,

> **कैथल केवल मानचित्र पर एक शहर नहीं, बल्कि हरियाणा की आध्यात्मिक धड़कन है जहाँ हर शिलाखंड में इतिहास बोलता है और हर प्रार्थना में भक्ति की अनुगूँज सुनाई देती है। इस नगर के मंदिर और तीर्थ आज भी यह संदेश देते हैं कि संस्कृति तभी जीवित रहती है जब आस्था उसकी जड़ों में साँस लेती रहे।**

सूर्प, निऋति, विनाकी, अहिवुथ, अजैकपाद दहन, ईश्वर, कपाली, स्थाणु और भव। महाभारत के आदिपर्व में लिखा है :-

*एकादशसुताः स्थाणोः ख्याताः परमतेजसः।*
*मृगव्याधश्चसर्पश्च निऋतिश्चमहायशाः।*
*अजैकपादहिर्बुधन्यः पिनाकी च परंतप।*
*दहनोथेश्वरश्चैव कपाली च महाधुनिः।*
*स्थाणुर्मगश्च भगवान रूद्रा एकादशस्मृताः। (महाभारत, आदि पर्व 66/1-3)*

ये एकादश ही रूद्रों के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं। इस मन्दिर में जलहरी में ग्यारह रूद्र स्थापित किए गए हैं। मन्दिर के दक्षिण में सर्वदेव नामक तीर्थ है। जिसे सकलसर भी कहा गया है।

कैथल के तीर्थों और मंदिरों के बारे में इस संक्षिप्त आलेख में तो यही कहा जा सकता कि कैथल के मंदिरों और तीर्थस्थलों का महत्त्व केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नगर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा हुआ है। यहाँ का प्रत्येक मंदिर भगवान हनुमान का प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर हो या श्री राधा-कृष्ण का शांतिमय धाम, जनमानस की श्रद्धा और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इन तीर्थों के दर्शन से न केवल धार्मिक संतोष मिलता है, बल्कि यह नगर के गौरवशाली अतीत की झलक भी प्रदान करते हैं। कैथल की भूमि स्वयं महाभारतकालीन




स्मृतियों से ओतप्रोत है, जहाँ धर्म, वीरता और भक्ति एक साथ प्रवाहित होते हैं। यहाँ के मंदिरों में गूंजती आरती, साधु-संतों के प्रवचन और तीर्थयात्रियों का आगमन नगर को निरंतर पावन ऊर्जा से भर देता है। यही कारण है कि कैथल केवल मानचित्र पर एक शहर नहीं, बल्कि हरियाणा की आध्यात्मिक धड़कन है जहाँ हर शिलाखंड में इतिहास बोलता है और हर प्रार्थना में भक्ति की अनुगूँज सुनाई देती है। इस नगर के मंदिर और तीर्थ आज भी यह संदेश देते हैं कि संस्कृति तभी जीवित रहती है जब आस्था उसकी जड़ों में साँस लेती रहे।

## खबर संक्षेप

### एमडीएन स्कूल में मुफ्त मेडिकल कैंप 14 को

**उचाना।** एमडीएन हाई स्कूल अलीपुरा में दिनांक 14 अक्टूबर को मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन होगा। कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम राज आई केयर और श्री राम क्लीनिकल लैबोरेटरी द्वारा बच्चों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। रक्तचाप, खून और शुगर सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित आवश्यक परामर्श भी निःशुल्क दिया जाएगा।

### साइबर फ्रॉड की सूचना देने के लिए डायल करें 1930

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिलावासियों से अपील की है कि सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर क्राइम के मामलों को रोकने व धोखाधड़ी के मामले की सूचना तत्काल देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया हुआ है। जिस पर तत्काल सूचना दें तथा आमजन साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहें।

### महापुकार रैली की तैयारियों में जुटी समिति

**जींद।** आल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर नौ नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित की जा रही महापुकार रैली की तैयारियों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ब्लॉक जुलाना की एक महत्वपूर्ण बैठक जुलाना के लेबर शैड में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान मनफूल खरेंटी ने की। जबकि जिला प्रधान गुलाब बिरौली ने मुख्य वक्ता के रूप में कर्मियों को संबोधित किया।

### स्वच्छता के महत्व को समझे : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रोहतक रोड रजवाहा नंबर 7 से देवीलाल चौक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 439वां अभियान संस्था के वरिष्ठ साथी सुजान सिंह पूनिया की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया।

### मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डा. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र व छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी तक पोर्टल जमा कर सकते हैं।

### शिविर में चालीस यूनिट रक्त एकत्रित किया

**जींद।** तेजस इंटरनेशनल स्कूल कंडेला के प्रांगण में अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया तथा लगभग 40 यूनिट रक्त सामान्य अस्पताल जींद की टीम ने एकत्रित किया। मुख्यअतिथि वीरेन्द्र सिंह बडख़ालसा ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार रहे।

### शिल्पकारों के हुनर को मिल रही नई पहचान

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है।

### भारत की भूमिका विश्व के लिए मिसाल : जंगीर

**राजौंद।** गांव सिसला में रविवार को दो बूंद जिंदगी की पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस दौरान गांव के सरपंच तरसेम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जंगीर सिसला, कुडा राम और डॉ. सुमित गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। आशा वर्करों ने टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया और सुनिश्चित किया कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

*तीन दिवसीय प्रदेशस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ*

# खिलाड़ियों को हार से मायूस नहीं होना चाहिए: प्रदीप दहिया

## खो-खो के मुकाबले हिंदू कन्या महाविद्यालय में खेले गए

**हरियाणा के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तीन दिवसीय प्रदेशस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ हुआ। मुख्यअतिथि के तौर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि हार-जीत खेल में एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। खिलाड़ियों को हार से कभी मायूस नही होना चाहिए। अपने खेल में लगातार सुधार करते आगे बढ़ना चाहिए। हरियाणा के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान हैं। खेलों में आज लड़कियां भी आगे आ रही हैं, जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत हैं। अभिभावक भी लड़कियों को खेलों में अवसर दे रहे हैं और लड़कियां भी शिक्षा के साथ-साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। सानिया नेहवाल, शेफाली वर्मा, गीता फोगाट लड़कियों के लिए आज प्रेरणा बनी हैं। इन खिलाड़ियों ने साबित किया है कि लड़कियां खेल के मैदान में भी लड़कों की तरह मजबूत हैं।



12 जे 2, 3 हैंडबाल व खोखो प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी।



### यह रहे परिणाम

एईईओ अमित कुमार ने बताया कि हैंडबाल लड़कियों के मुकाबले अर्जुन स्टेडियम में हो रहे हैं। वहीं खो-खो प्रतियोगिता हिंदू कन्या कालेज के मैदान में हो रही हैं। पहले दिन हुए मुकाबलों में हैंडबाल अंडर 19 लड़कियों में पंचकूला व करनाल का मुकाबला हुआ। जिसमें करनाल ने 0-12 के अंतर से जीत हासिल की। वहीं अंडर 17 आयु वर्ग में फतेहाबाद और गुरुग्राम के मुकाबले में फतेहाबाद ने 20-3 के अंतर से बाजी मारी। कुरुक्षेत्र और पानीपत के साथ हुए मुकाबले में कुरुक्षेत्र ने 7-5 के अंतर से मैच जीता। सिरसा और पंचकूला के साथ हुए मुकाबले में सिरसाने पंचकूला की टीम को 10-3 के अंतर से मात दी। यमुनानगर और सोनीपत के साथ हुए मुकाबले में सोनीपत ने 20-3 के बड़े अंतर से यमुनानगर को हराया। रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ के साथ हुए मुकाबले में रेवाड़ी ने 13-2 के अंतर से जीत हासिल की। वहीं अंडर-14 आयु वर्ग में पंचकूला व फरीदाबाद के साथ हुए मुकाबले में फरीदाबाद 10-3 के अंतर से विजेता रहा। पानीपत व महेंद्रगढ़ के साथ हुए मुकाबले में पानीपत ने महेंद्रगढ़ को 11-0 के अंतर से एकतरफा मात दी। रोहतक व फतेहाबाद के साथ हुए मुकाबले में रोहतक की टीम करीबी मैच में 11-8 के अंतर से विजेता रही। वहीं खो-खो अंडर 19 लड़कों के मुकाबले में नूहं व झज्जर का मुकाबला हुआ।

# "वैल्यू एजुकेशन बहुत महत्वपूर्ण"

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट शाइनिंग स्टार स्कूल में आंतरिक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका विषय वैल्यू एजुकेशन था। कार्यशाला 12 को विद्यालय में आयोजित की थी। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता द्वारा अतिथियों का स्वागत दीप प्रज्वलित कर किया । प्रधानाचार्य ने संबोधन में वैल्यू एजुकेशन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह कार्यशाला हमारे शिक्षकों के लिए उपयोगी होगी। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को वैल्यू एजुकेशन के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के तरीकों से अवगत कराना था।




आंतरिक कार्यशाला में भाग लेती जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के अध्यापक व अन्य।

### ये रहे उपस्थित

प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने एक स्टोरी के माध्यम से समझाया कि अध्यापक एक जादूगर होता है, जो छात्रों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि वैल्यू एजुकेशन न केवल छात्रों के व्यक्तिगत विकास में मदद करती है, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा, /"वैल्यू एजुकेशन हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमारे बच्चों को सही और गलत के बीच का अंतर समझने में मदद करती है और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करती है।/" जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, एडवोकेट सचिन रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन , जसवीर, श्री सत्यवान माजरा, राजपाल, सन्नी, स्वतंत्र पाल, दलबीर, विक्रम, महावीर कुंडू, महावीर रावीश और रजत रापड़िया सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यशाला की सराहना करते कहा कि यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों के लिए बल्कि छात्रों के लिए भी बहुत उपयोगी होगी।



**जींद।** प्रदेश समिति की बैठक को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा।

### मांगों और समस्याओं पर हुआ मंथन

**जींद।** हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक स्थानीय जाट धर्मशाला में हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष चांदराम चहल ने की। जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला का प्रमुख मार्गदर्शन रहा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री एवं रोहतक विभाग प्रमुख जितेंद्र वत्स, जिला अध्यक्ष राम मेहर जांगड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि बैठक में सभी जिला अध्यक्ष, सचिव सभी शाखों के अध्यक्ष व सचिव व प्रदेश पदाधिकारी ने भाग लेकर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का चिंतन मंथन करके मांग पत्र में संशोधन किया तथा सर्व सम्मति से निर्णय किया कि आगामी नौ नवंबर को हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ का प्रांतीय तृतीय प्रतिनिधि अधिवेशन पंचकूला में होगा।

### हेरोइन-गांजा पत्ती के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से महिला समेत दो लोगों को काबू कर व्यक्ति के कब्जे से 6.75 ग्राम हेरोइन तथा 764 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़ी गई महिला तथा व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव पाजू कलां बस अड्डे पर एक युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान असंध निवासी सचिन के रूप में हुई। वहीं डिटेक्टिव स्टाफ का सूचना मिली थी कि रुपया चौक पर महिला नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों को इंतजार कर रही है।

### प्रमाण पत्र वितरित किए

**कैथल।** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर की ओर से संचालित नारायण सेवा केन्द्र, कैथल में एक प्रेरणादायी एवं सामाजिक उत्थान से जुड़ा प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। संस्थान द्वारा संचालित कंप्यूटर, मोबाइल रिपेयरिंग तथा सिलाई केंद्र के विद्यार्थियों, प्रशिक्षार्थियों को तीन माह के निशुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इन कोर्सों का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। डॉ दया गुप्ता, डॉ बृजेंद्र ढांडा, त्रिलोकीनाथ, गौरव कुमार, मैनेजर, एम डी एन स्कूल कैथल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। शाखा कैथल के कोषाध्यक्ष डॉ मनोज बंसल ने आए हुए सभी मेहमानों, विद्यार्थियों का स्वागत किया और सेवा केंद्र में हो रहे सभी सेवा कार्यों से अवगत करवाया। सफल मंच संचालन करते हुए शाखा कैथल के सचिव डॉ. नरेश गर्ग ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।



**कैथल।** डॉ दया गुप्ता पास आउट विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटते।



**कैथल।** वाहनों के चालान काटते पुलिस कर्मचारी।

### अभियान चलाकर 137 वाहनों के चालान काटे

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 6 सितंबर से 12 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रेफिक एस एच ओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार की अगुवाई में ट्रेफिक पुलिस द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेसर हॉर्न व बुलट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरिके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 99, ध्वनि प्रदूषण करने के 11, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 17 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी।

### छात्तर सब यार्ड में लगेगा धर्म कांटा

**उचाना।** मार्केट कमेटी उचाना चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी, उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री हर वायदे को पूरा कर रहे है। आज देश में हरियाणा प्रदेश पहला प्रदेश है जहां सबसे अधिक बुढ़ापा पेंशन दी जाती है। सबसे अधिक फसलें किसानों की प्रदेश में एमएसपी पर खरीदी जाती है। पत्रकार वार्ता में खरकभूरा ने कहा कि पीआर धान की खरीद सुचारू रूप से चल रही है। अब तक उचाना मंडी में 72 हजार क्विंटल से अधिक की खरीद की जा चुकी है। खरीद, उठान को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। काब्रच्छा परचेंज सेंटर पर भी खरीद जारी है। किसानों के लिए निरंतर कार्य करने का काम विधायक कर रहे है। छात्तर सब यार्ड में किसानों की मांग को पूरा करते हुए गेहूं के सीजन से पहले धर्मकांटा लग जाएगा।



पत्रकारों से बातचीत करते मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।



**उचाना।** किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रेरित करते हुए।

### फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किया जागरूक

**उचाना।** गांव मोहनगढ़ छापड़ा, कालता, भौंसला एवं खरकभूरा में कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। डॉ. संत कुमार एसीडीओ की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को खेत में जाकर फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। डॉ. संत कुमार ने किसानों को पराली को मिट्टी में ही मिलाने की सलाह दी ताकि मिट्टी की पोषक तत्व नष्ट ना हो पराली के धुएं से पर्यावरण प्रदूषित होता हैं तथा कई बार दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। सरकार द्वारा 1200 रुपए सहायता राशि दी जाती हैं किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर राजेश कुमार सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक, एडीओ डॉ. भूपेंद्र कुमार, सुपरवाइजर सचिन भारद्वाज मौजूद रहे।



वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर को सम्मानित करते अग्रवाल समाज के लोग।

### सम्मान समारोह का किया आयोजन

**कैथल।** कैथल शहर के हुड्डा सेक्टर-19 में सतप्रकाश अग्रवाल और कैथल सी॰डबल्यू॰सी के नवनियुक्त चेयरमैन भीमसैन अग्रवाल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में अशोक गुर्जर ने भीमसैन अग्रवाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और कहा कि यह जिम्मेदारी मिलना किसी सम्मान से कम नहीं होता। यह सेवा, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है। भीमसैन अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वे अपनी नई भूमिका में बच्चों की सुरक्षा और अधिक मजबूत करने का कार्य निष्ठा से करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं पर हमें गर्व है।"

## स्वच्छता दिवस के उपलक्ष में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सत्य भारती स्कूल करोडा में बच्चों ने स्वच्छता दिवस के उपलक्ष में रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने स्लोगन और नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई। मुख्य अध्यापिका सुमन देवी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य समुदाय को स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे संवेदनशील बनाना था। छात्रों ने स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने वाले नारे तख्तियों और बैनरों पर लिखे स्लोगनों के माध्यम से गांव की हर गली से गुजरते हुए लोगों को जागरुक किया।इस दौरान ग्रामीणों के बीच जागरूकता के लिखे हुए।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

पंपलेट भी वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से विद्यालय का उद्देश्य समुदाय को स्वच्छता के महत्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करना है। रैली का समापन ग्राम में स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिज्ञा के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के स्वच्छता जागरूकता और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के प्रयासों की व्यापक सराहना की। इस दौरान गीता,अनीता, सुषमा, पूनम और अध्यापक रमेश कुमार मौजूद रहे।




**जींद।** चयनित कार्यकारिणी शपथ लेते हुए।

### संजीव ढांडा जिला प्रधान नियुक्त

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जिला स्तरीय 17वां त्रिवार्षिक सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन रविवार को पटवार भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता निवर्तमान जिला प्रधान संजीव ढांडा ने की और मंच का संचालन सन्नी पटवारी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों बिजली, शिक्षा, रोडवेज, स्वास्थ्य, राजस्व, नगरपालिकाओं आदि से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ संयोजक फूल सिंह श्योकंद ने किया और कहा कि हरियाणा के कर्मचारी वर्ग ने हमेशा अपने अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष की परंपरा को जीवित रखा है। हर बार कर्मचारियों ने एकजुटता और संघर्ष से सरकारों को झुकने पर मजबूर किया है। आज की भाजपा सरकार कर्मचारियों के खिलाफ खुले युद्ध की तरह नीतियां चला रही है। यह सरकार न सिर्फ कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने से इनकार कर रही है बल्कि पहले से बनी नियमितीकरण नीतियों को रद्द कर चुकी है।

## पहला कदम फाउंडेशन का बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान

# अच्छी सोच से बेटियों को भी आगे लेकर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पहला कदम फाउंडेशन ने रविवार को अपने कार्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें स्कूल व कॉलेज जाने वाली लड़कियों को गुड टच, बेड टच की जानकारी के साथ-साथ उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने बारे भी अवगत करवाया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने शिरकत की। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि भारत की सबसे पुरानी सोच जहां नारियों का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं।

**»** ***स्कूल व कॉलेज जाने वाली लड़कियों को गुड टच, बेड टच की जानकारी के साथ अपने पैरों पर खड़े होने बारे अवगत करवाया***



**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ और अन्य।

### ये रहे मौजूद

लड़कियों से छेड़छाड़, जो महिलाओं तथा समाज के बड़े हिस्से को प्रभावित कर रहीं हैं। महिलाओं के प्रति होती छेड़छाड़ में लगातार इजाफा हो रहा है, जो चिंताजनक विषय है। महिला छेड़खानी से निपटना समाज सेवकों के लिए सिरदर्द के साथ-साथ उनके लिए एक बड़ी जिम्मेवारी भी है। हालांकि महिलाओं को जरूरत है कि वे खुद दूसरों पर निर्भर न रह कर अपनी जिम्मेदारी खुद ले व गुड टच, बेड टच से जागरूक हो ताकि सामने वाले का इरादा भांप कर अपना बचाव करें। इसलिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सभी अच्छी सोच से बेटियों को भी आगे लेकर आएं ताकि वो भी अपने आप पर गर्वित हो न कि दया की पात्र बनें। गौरव शर्मा व एडवोकेट मनोज शर्मा ने लड़कियों के लिए इस प्रकार कि जानकारी बहुत लाभदायक बताई और कहा कि आज जरूरत बन चुकी है कि हम बेटियों को खुल कर इस बारे जानकारी दें। रुद्रांश, दुष्यंत, शौर्य, रिचिक, मांगेराम, संतरों रानी, सुनील, अर्चना, कविता, पूजा, सुषमा आदि उपस्थित रहे।

### विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया

पहला कदम फाउंडेशन का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान समाज में उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए व लड़कियों की शिक्षा, स्वरोजगार, आत्मसुरक्षा जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन हेतु किया हुआ है। अध्यक्षता पहला कदम फाउंडेशन की महिला विंग की जिला अध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने करते बताया कि महिलाओं को आज भी अनेक तरह से अत्याचारों का सामना करना पड़ता है।



उचाना कलां में प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाली मेन गली का चल रहा कार्य।

### गली का निर्माण कार्य प्रारंभ

**उचाना।** उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाली गली का निर्माण नहीं होने से यहां सीवरेज का गंदा पानी रास्ते में भरा रहता था। सड़क का लेबल गली से ऊंचा होने के चलते मामूली बारिश में पानी भर जाता था। मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा रेलवे स्टेशन, उचाना मंडी में आने-जाने वालों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज में आने-जाने वाली विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके निर्माण को लेकर लोग, श्रद्धालु विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिले तो जल्द से जल्द गली निर्माण करवाने का वायदा किया था। विधायक ने जो वायदा किया था वे पूरा हो गया है। यहां पर करीब 16 लाख रुपए की राशि से गली का निर्माण नपा द्वारा करवाया जा रहा है। वर्षों पुरानी इस मांग को विधायक के संज्ञान में मामला आने पर पूरा करने का काम किया। राजू शर्मा, मांगे राम, अशोक रीढ, सत्यवान ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर होने के चलते मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ ये रास्ता उचाना मंडी में भी जाता है। ऐसे में यहां से आवागमन अधिक होता है। बिना बारिश के सीवरेज का गंदा पानी गली में भर जाता था।

## खबर संक्षेप


नरवाना। राइफल चलाने का प्रशिक्षण लेते हुए कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

### एनसीसी शिविर में दिया तकनीकी प्रशिक्षण

**नरवाना।** 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद द्वारा मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन नरवाना में आयोजित एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन की शुरुआत वरिष्ठ कैडेट्स के लिए शस्त्र अभ्यास और कनिष्ठ कैडेट्स के लिए पैदल अभ्यास से हुई। इसके बाद पीआई स्टाफ ने तकनीकी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए, जिसमें लक्ष्य निर्धारणए दूरी और आकृति लक्ष्यों को समझना और प्रिज्मीय कम्पास व जीपीएस का व्यावहारिक उपयोग शामिल था। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट सुबीर माथुर ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से आप तीन लोगों की जान बचा सकते हैं और रक्तदान एक उदार कार्य है जो जरूरतमंदों की मदद करता है और समुदाय में सकारात्मकता फैलाता है। इस अवसर पर कैडेट्सए पीआई स्टाफए एएनओए सीटीओए एनसीसी प्रशिक्षकों सभी ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। अंततः सातवें दिन की गतिविधियों में सैन्य प्रशिक्षणए सैन्य इतिहास से प्रेरणाए आधुनिक डिजिटल चुनौतियों के प्रति जागरूकताए व्यावहारिक टीम वर्क और समाज सेवा का समावेश थाए जिससे यह कैडेट्स के लिए एक अत्यंत समृद्ध अनुभव बना।

### लेट्स टॉक अबाउट मनी विषय पर कार्यशाला

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा लेट्स टॉक अबाउट मनी विषय पर एक ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों में वित्तीय साक्षरता, निवेश के महत्व एवं धन प्रबंधन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डा. प्रियंका साहनी ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन, बजट निर्माण, निवेश के विभिन्न साधनों और बचत के महत्व के बारे में बताया।

### वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग संघ का गठन

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उषा शर्मा के निर्देशन में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग संघ का गठन किया गया। इस संघ का गठन विद्यार्थियों की प्रबंधन क्षमता, नेतृत्व, गुण और टीम भावनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। क्लब को सुचारू रूप से चलाने के लिए अध्यक्ष पद पर परमजीत बीकॉम द्वितीय वर्ष, उपाध्यक्ष तनु बीबी, द्वितीय वर्ष, जनसंपर्क सचिव आसू बीकॉम प्रथम वर्ष तथा कोषाध्यक्ष निधि बीकॉम द्वितीय वर्ष और महासचिव रमनदीप कौर बीबीए द्वितीय वर्ष का चयन किया गया। इस संघ का चयन करते समय वाणिज्य विभाग एवं प्रबंधन विभाग के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार के माध्यम से जांच शुरू

# कलायत नपा की प्रोसिडिंग बुक में फर्जीवाड़े का मामला गहराया

डीसी प्रीती, शहरी स्थानीय निदेशालय व एंटी क्रप्शन ब्यूरो को दी गई थी पार्षदों द्वारा शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत नगर पालिका हाउस की 26 सितंबर की बैठक की आड़ में अधिकारियों पर प्रोसिडिंग में फर्जीवाड़ा करने के आरोपों की जांच अब शुरू हो गई है। इसलिए सरकारी ड्यूटी की बजाए स्थानीय राजनीति से प्रेरित होकर काम करने वाले अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ना तय है। पार्षदों द्वारा इस संबंध में डीसी प्रीती, शहरी स्थानीय निदेशालय व एंटी क्रप्शन ब्यूरो को शिकायत दी गई थी। इस बीच कैथल मुख्यालय पर जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार के समक्ष शुक्रवार जांच शुरू हुई। इसमें नौ पार्षदों की बैठक में गैर मौजूदगी का प्रमाण लेकर पार्षदों की टीम पहुंची। अधिकारी ने पहले शिकायतकर्ता पक्ष की सुनवाई का निर्णय लिया। इसके तहत पार्षद ने अपने बयान दर्ज करवाए। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को नगर पालिका की बैठक निर्धारित समय यानी सुबह के बजाय सांयकालीन समय में छुट टी के बाद हुई थी। यह नगर पालिका नियमों के खिलाफ है। इसमें विकास कार्यों की कार्यवाही का झांसा देकर गुमराह पूर्वक ढंग से हस्ताक्षर करवाए गए। इसलिए उनके हस्ताक्षर बिना देरी के रद्द किए जाएं। हैरानी का विषय रहा कि शीर्ष अधिकारी द्वारा बार-बार निर्देश के नगर पालिका अधिकारी असली प्रोसिडिंग के बिना खाली हाथ कार्यालय पहुंच गए। जबकि पार्षद अपनी पूरी दस्तावेजी कार्यवाही के साथ मौजूद रहे। इस दौरान पार्षदों ने भी बैठक की वैधता पर सवाल खड़े करते हुए नगर पालिका के मूल रिकार्ड की सिरे से जांच करवाने की मांग उठाई है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में इस प्रकार की कार्यशैली पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है। उधर प्रदेश सरकार व शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा पहले ही हाउस की बैठकों की वीडियो व फोटोग्राफी के आदेश हैं। 26 सितंबर की बैठक की कार्यवाही की फोटो व वीडियो अधिकारियों पर उपलब्ध नहीं है। इससे जाहिर होता है कि पारदर्शिता की बजाए फर्जीवाड़ा करने की मंशा अधिकारियों की रही।



कलायत। कैथल स्थित जिला नगर आयुक्त कार्यालय।

### नियम अनुसार होगी कार्रवाई

जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार ने कहा कि शिकायत के आधार पर कलायत नगरपालिका प्रोसिडिंग बुक से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। इसमें शिकायतकर्ता पार्षद के साथ-साथ नगर पालिका अधिकारियों को भी जांच के लिए मुख्यालय बुलाया गया।

# सैनी स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया

- शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दे रही सैनी शिक्षा समिति : कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

चंदाना गेट स्थित सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी मुख्यातिथि रहे। वहीं अध्यक्षता डीएफएससी सुरेंद्र सैनी ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, डीआइपीआरओ नसीब सैनी, जयंत बिंदलिश, शमशेर सैनी, बालकिशन उर्फ बहादुर सैनी, महेंद्र सैनी उर्फ रामजी, राजेश सैनी ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। प्रिंसिपल गुरचरण सिंह भुल्लर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।


कैथल। हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

*समिति के उपप्रधान संजीव कुमार, महासचिव राजेश सैनी, सहसचिव दिनेश सैनी, कोषाध्यक्ष हरीश सैनी, मैनेजर लालचंद सैनी, मीडिया इंचार्ज राजेश सैनी उर्फ जस्सी, को-ऑर्डिनेटर बिंदिया सैनी, पूर्व प्रधान बीरभान सैनी, मोहन लाल सैनी, बलबीर सैनी पटवारी, राजेश सजूमा आदि मौजूद रहे।*

### फर्जी आईडी से आए मैसेज से रहें सावधान

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक उपासना ने कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने जहां लोगों को आपस में जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है, वहीं साइबर अपराधियों ने भी इसे ठगी का आसान माध्यम बना लिया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप या अन्य सोशल प्लेटफॉर्म पर असली प्रोफाइल जैसा दिखने वाला फर्जी अकाउंट बनाकर साइबर ठग लोगों को धोखे में ले रहे हैं। ठग पहले किसी परिचित, रिश्तेदार, मित्र, अधिकारी या संस्था की डीपी और नाम का उपयोग करके अकाउंट तैयार करते हैं। इसके बाद वे उसी नाम से मैसेज भेजकर भरोसा जीतते हैं और फिर आर्थिक मदद या निजी जानकारी मांगते हैं।

# आर्य समाज नरवाना में किया साप्ताहिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

आर्य समाज नरवाना की यज्ञशाला में साप्ताहिक सत्संग श्रद्धा से मनाया गया। जिसमें यज्ञमान के आसन पर इंद्रजीत आर्य उपस्थित रहे व पुरोहित मिथिलेश शास्त्री ने विधिवत रूप से यज्ञ को संपन्न किया। यज्ञोपरान्त इंद्रजीत आर्य एवं मंत्री विजय कुमार ने ईश्वर भक्ति भजन प्रस्तुत किए। मंत्री विजय कुमार ने कहा कि यज्ञ संसार का सर्व श्रेष्ठ कर्म है। इस अवसर पर अरविंद कुमार आर्य, विजय कुमार आर्य ने मधुर भजन गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान सर्व रमेश गर्ग, भगवान दास, विनोद कुमार, रणवीर आर्य, अरविंद कुमार आर्य, मंत्री विजय, कोषाध्यक्ष अश्वनी आर्य, आर्यमान आर्य, अरविंद कुमार आर्य, पुरूषोत्तम आर्य, बलबीर शास्त्री, बलजीत पूनिया, राजकुमार, प्रवेश आर्य, जोगी राम, यशपाल, आशुतोष आर्य, प्रवेश कुमार अक्षु व अन्य मौजूद रहे।



# सोने-चांदी के दामों पर लगाएं लगाम

- मैढ़ सुनार सभा ने पीएम और केंद्रीय वित्त मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मैढ सुनार सभा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मन्त्री को पत्र लिखकर सोने चांदी को वायदा व्यापार (एमसीएक्स) के दायरे से बाहर रखने तथा बढ़ते दामों पर अंकुश लगाने की मांग की है। सैक्टर छह में स्थित सुनार धर्मशाला में मैढ सुनार सभा जींद की बैठक में इस आश्य का प्रस्ताव पारित किया गया। सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक की जानकारी देते हुए सभा के महासचिव राममेहर वर्मा व वित्त सचिव गौरव सोनी तथा वरिष्ठ पदाधिकारी नरेश सोनी व रमेश वर्मा ने बताया कि आज वायदा व्यापार एमसीएक्स से सोने व चांदी के दामो में लगातार बढ़ोत्तरी होने से ये धातु देश के करोड़ों छोटे व मझले दुकानदारों के साथ-साथ आम आदमी की पहुंच बाहर हो रही है।


जींद। मीटिंग में मौजूद सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### लूटपाट की घटनाओं पर जताई चिंता

*उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्वर्णकारों के साथ हो रही लूटपाट तथा चोरी की घटनाओं की निंदा करते हुए सरकार व पुलिस प्रशासन से स्वर्णकारों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने की भी मांग की। बैठक में पारित एक अन्य प्रस्ताव में लोगो से अपील की गई कि पर्यावरण संरक्षण के लिए दीवाली पर पटाखे बजाने की घी या तेल के स्वदेशी दीये जलाकर त्यौहार मनाएं ताकि पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। बैठक में बनारसीदास वर्मा, सत्यनारायण सोनी, नरेश सोनी, गौरव सोनी, राममेहर वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।*

# नशे से दूर रह शिक्षा व खेल में भविष्य बनाएं

- अर्जुन स्टेडियम में हुआ कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अर्जुन स्टेडियम में रविवार को एक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसकी मेजबानी महात्मा ज्योतिबा फुले रेसलिंग समिति द्वारा की गई। इस खेल आयोजन का शुभारंभ हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने किया। उन्होंने मंच से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा खिलाडियों के लिए खेल स्टेडियम, खेल नर्सरियां, आधुनिक उपकरण, प्रोत्साहन राशि, सरकारी नौकरी जैसी योजनाएं दी जा रही हैं। इस परिणाम है कि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय, कॉमनवैल्थ, एशियाड, ओलंपिक में मेडल जीत कर ला रहे हैं। हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने और शिक्षा व खेलों में रुचि लेने की सलाह दी। एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज की नींव तभी रखी जा सकती है, जब युवा अनुशासन, मेहनत और सकारात्मकता को अपनाए। इस मौके पर समिति के प्रधान महेंद्र पहलवान, जिला पार्षद विनोद सैनी, जय सिंह पहलवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


जींद। कुश्ती दंगल की शुरुआत करवाते हुए कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### सैनी का भव्य स्वागत

समिति पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। जिससे ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले महात्मा ज्योतिबा फुले रेसलिंग समिति द्वारा मुख्यअतिथि कर्मवीर सैनी का फूल मालाओंए पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

# परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण के खुले द्वार

- कलायत में पार्षदों ने सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष जन संवाद पटल पर उठाई थी मांग
- अब 2 करोड़ 50 लाख रुपए के बजट से फिर शुरू होगा निर्माण प्रारूप तैयार करने की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत में कई वर्षों से अधर में लटके भगवान परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण को शुरू करवाने में अब प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन संवाद पटल सशक्त जरिया बनकर सामने आता नजर आ रहा है। इसी प्लेटफार्म के माध्यम से कलायत शहर के वार्ड 12 में वर्षों से अधर में लटके भगवान परशु राम सामुदायिक भवन का निर्माण दोबारा से शुरू करने के लिए 2.5 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। विकास का यह मुद्दा विधानसभा सत्र में भी प्रमुखता से उठ चुका है। लेकिन अधिकारी निर्माण कार्य धरातल पर शुरू करवाने में देरी पर देरी कर रहे थे। जबकि इस भवन निर्माण को पूरा करने की मांग लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जाती रही है। इसके मद्देनजर पिछले दिनों कैथल दौरे पर आए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा की उपस्थिति में पार्षदों ने जन संवाद पटल पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए बजट जारी करने की मांग उठाई पार्षद कुमारी रेणू धानियां, रवींद्र निर्मल बंटी, अमित बैद, उषा रानी, निशा राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, संजय सिंगला, विनोद जेष्ठ व अन्य पार्षदों ने उठाई। जन प्रतिनिधियों की इस सामूहिक मांग की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भवन निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।


कलायत। वार्ड 12 स्थित भगवान परशु राम सामुदायिक भवन।

### विभूतियों का सम्मान

पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि भाजपा सरकार का लक्ष्य हर वर्ग की विकास में सहभागिता सुनिश्चित करवाते हुए महान विभूतियों की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार को गति देना है। इसी सोच को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान परशुराम भवन का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।

# पीएम की रैली में उमड़ेगा जनसैलाब

- कहा : नायब सरकार का यह एक वर्ष उपलब्धियों से भरा हुआ है और जन-जन खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला आईटी प्रमुख रविंदर धीमान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान के माध्यम से साफ-सफाई के प्रति देश को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। पीएम मोदी का स्वच्छता अभियान अब जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। 17 अक्तूबर को नायब सरकार का एक वर्ष पूरा हो रहा है। नायब सरकार की पहली वर्षगांठ पर लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत की राई विधानसभा स्थित स्पोर्टस यूनीवर्सिटी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। रैली में प्रदेश भर से लाखों की संख्या में रिकार्ड तोड़ भीड़ उमड़ेगी।

रैली के प्रति प्रदेश की जनता में भारी जोश व उत्साह है और रैली भीड़ के सभी रिकार्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक होगी। जिंदल हाउस कैथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ने कहा कि नायब सरकार का यह एक वर्ष उपलब्धियों से भरा हुआ है। नायब सरकार के निर्णयों और योजनाओं से हरियाणा का जन-जन खुश है। इसलिए पीएम मोदी की जन विकास-जन विश्वास रैली में लाखों लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र को सुनने पहुंचेंगे।


कैथल। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला आईटी प्रमुख रविंदर धीमान।

### निधन पर दुख जताया

भजापा नेता रविंदर धीमान ने कहा कि आईपीएस पूरन सिंह का निधन एक बड़ी दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार व खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार पीड़ित परिवार के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय आईपीएस अधिकारी पूरन सिंह के परिवार ने जो बातें सरकार के सामने रखी है उन पर सरकार निष्पक्षता से काम कर रही है। आईपीएस अधिकारी पूरन सिंह के परिवार को सरकार न्याय दिलाने का काम करेगी।

## मंडियों में अनाज की आवक जोरों पर, सरकारी खरीद नहीं होने से बढ़ी परेशानी : सुरजेवाला

- सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल की अनाज मंडियों का किया दौरा

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज कैथल की नई अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कैथल जिले सहित हरियाणा की की मंडियों में धान की आवक जोरों पर है। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों, खेत मजदूरों, आढ़तियों और मंडी मजदूरों के साथ लगातार अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि मंडियों में बाजरे की आवक जोरों पर है, लेकिन खरीद नहीं की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## सांसद जिंदल विकास में अग्रणी : संगीत बंसल

- समाजसेवा और धर्म के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे

**सीवन।** वरिष्ठ भाजपा नेता व मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस-चेयरमैन संगीत बंसल ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल न केवल एक सफल राजनेता ही नहीं हैं, बल्कि समाजसेवा और धर्म के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सांसद नवीन जिंदल हमेशा जनता से जुड़े रहते हैं और क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सांसद ने युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलने की दिशा में भी प्रयास किए हैं।

प्रदर्शन | वादे न निभाकर भाजपा ने जनता से किया बड़ा धोखा: रिषिपाल हैबतपुर

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलाना में हस्ताक्षर अभियान चलाया

# जुलाना में कांग्रेस का वोट चोर, गद्दी छोड़ प्रदर्शन, सड़क पर की नारेबाजी

- वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की आत्महत्या का मामला भी उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा के जींद जिले के जुलाना कस्बे में रविवार को कांग्रेस पार्टी ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और भाजपा सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान केवल एक राजनीतिक गतिविधि नही बल्कि जनता की आवाज है। जो सरकार की असफलताओं और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ उठ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए और अब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी हमला किया जा रहा है।



जींद। जुलाना में सड़क पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### दो मामले उठाए

इस दौरान रिषिपाल हैबतपुर ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की आत्महत्या का मामला उठाया। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की। दूसरे मामले में उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की घटना की भी कड़ी निंदा की। यह देश की न्यायपालिका पर सीधा हमला है।

### यह मौजूद रहे

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह अभियान प्रदेशभर में चलाया जाएगा और जनता को जागरूक कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट किया जाएगा। इस मौके पर जगबीर सिंह ढिगाना, कुलवंत लाठर, इशाक खान खान भट्टी, राजेश लाठर, ईश्वर ठाकुर, प्रवीन सिहाग सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।